सीयूजे के मीडिया विभाग की उपलब्धि, यूजीसी परीक्षा में चार विद्यार्थी जेआरएफ और चार नेट पास

रांची : झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग ने एक और उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय स्तर पर शोधार्थियों और व्याख्याताओं के लिए आयोजित होने वाली यूजीसी की परीक्षा में चार विद्यार्थियों ने जेआरएफ और चार ने नेट पास किया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब विभाग के आठ विद्यार्थी इस परीक्षा में एक साथ पास हुए हैं। सफल विद्यार्थियों में विनीत कुमार, रिशभ रॉय, समीर भोई और नेहा नंदिनी ने जेआरएफ और पूजा पाठक, श्वेताभ, नीतू और सचिन ने नेट पास किया है। इनमें से तीन विभाग के पूर्व विद्यार्थी हैं जिन्होंने तीसरी बार यह परीक्षा पास की है। इस उपलब्धि पर मीडिया विभाग के समन्वयक डॉ. राजेश कुमार ने हार्दिक खुशी जताते हुए विभाग के शिक्षकों और विश्वविद्यालय परिवार का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि आपदा के इस दौर में भी विभाग ने कयी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसमें शिक्षक सम्मान, श्रेष्ठ शोधपत्र सम्मान, श्रेष्ठ विभाग सम्मान और विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर पर सफलता शामिल है। उन्होंने कहा कि विभाग की उन्नति का यह सिलसिला सबके सहयोग से आगे भी जारी रहेगा।